विशाखापत्तनम में सीआईआई इंफ्रास्ट्रक्चर समिट 2024 में

आईआईएफसीएल प्रबंध निदेशक डॉ. पी आर जयशंकर

25 सितंबर 2024 को विशाखापत्तनम में सीआईआई इंफ्रास्ट्रक्चर समिट 2024 में ''अवसरों, वित्त, विकास और विकासशील भविष्य पर ध्यान'' विषय पर पीपुल-पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पी4) पर एक पैनल-चर्चा में बोलते हुए आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी आर जयशंकर ने बुनियादी ढांचे में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. जयशंकर ने भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के सतत विकास के लिए दीर्घकालिक वित्तीय मॉडल, मजबूत संस्थानों, बेहतर नियामक प्रवर्तन और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का आह्वान किया।